# ननि का कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जबलपुर, 17 फरवरी. लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने नगर निगम जोन क्रमांक-10 रांझी में पदस्थ कर संग्रहकर्ता को तीन हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया. आरोपी ने टैक्स रसीद में नाम परिवर्तन के एवज में रिश्वत की मांग की थी.**

जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता दीपक कुशवाहा, निवासी रांझी बड़ा पत्थर (मानेगांव), ने लोकायुक्त को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी के नाम पर मुंडी टोरिया में एक नजूल का मकान है. इस मकान की नगर निगम टैक्स रसीद में पुराने धारक के स्थान पर अपनी पत्नी का नाम दर्ज कराने के लिए वे नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे थे. संभागीय कार्यालय नगर निगम



जोन-10, रांझी में पदस्थ कर संग्रहकर्ता चन्द्रभान नोनिया (मूल पद ग्राम सचिव) ने इस काम के बदले 5000 रुपये की रिश्वत मांगी थी. आज ट्रैप की योजना बनाई गई. जैसे ही दीपक कुशवाहा ने आरोपी चन्द्रभान नोनिया को उसके घर पर रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 3000 रुपये थमाए.

### ईओडब्लयू के हत्थे चढ़ा नगर पालिका परिषद का लेखापाल

**परासिया, 17 फरवरी.** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लयू ) जबलपुर की टीम ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद परासिया, जिला छिंदवाड़ा में पदस्थ लेखापाल शैलेन्द्र शर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आवेदक लाल जी पिता सुंदर लाल, निवासी कुम्हारी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 16 परासिया, ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी.

### क्लर्क 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**परासिया.** नगर पालिका परिषद परासिया में मंगलवार को लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्थापना शाखा में पदस्थ क्लर्क शैलेश शर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. स्थापना विभाग में पदस्थ क्लर्क शैलेश शर्मा सफाई कर्मचारी लालजी से उसकी सेवा पुस्तिका में परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज करने के एवज में 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था.

### अंग्रेजी विषय के पेपर में 60 छात्र रहे अनुपस्थिति

**पांढुरना ,17 फरवरी.** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वी का आज 17 फरवरी को पहला अंग्रेजी विषय का पेपर था. पांढुरना विकासखंड में इन परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 15 परीक्षा केन्द्रों में आज पहला पेपर देंने 60 छात्र परीक्षा केन्द्र ही नहीं पहुचे .

प्रदेश के अन्य क्षेत्रो की तरह ही पांढुरना विकासखंड में कक्षा 10 वी के बार्ड की वार्षिक परीक्षा संचालित की जा रही हैं.इस परीक्षा में शामिल होंगे पांढुरना से कुल 2355 छात्रों द्वारा पंजीयन किया गया था . आज 17 फरवरी को अंग्रेजी विषय के पहले पेपर में इन 2355 मे से केवल 2295 छात्र ही समय पर पहुंचे, शेष 60 छात्र किसी कारण से परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुचे .

# प्रकरण प्रस्तुत न करने पर कमिश्नर नाराज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 फरवरी, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में स्वरोजगार प्रकरणों के निराकरण की जिलेवारी समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आर्थिक उन्नति के अवसर दिए जा रहे हैं. सभी बैंकर्स गरीबों के कल्याण की योजनाओं के प्रकरणों का संवेदनशीलता से निराकरण करें. शासन की योजनाओं और बैंकों से मिलने वाली छोटी सी मदद गरीब के आर्थिक विकास का बड़ा अवसर बन जाती है. गरीबों के आर्थिक विकास के पुण्य का लाभ उठाने में बैंकर्स पीछे न रहें.




### बैंकों में दर्ज प्रकरणों को 28 तक स्वीकृत करें

शासन के विभिन्न विभागों द्वारा बैंकों में दर्ज प्रकरणों को 28 फरवरी तक स्वीकृत और वितरित कराकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें. इसमें किसी भी तरह की कमी रहने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें. गरीबों के हितों पर कुठाराघात करने वालों के हित भी सुरक्षित नहीं रहेंगे. बैठक में कमिश्नर ने मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उद्यम क्रांति योजना तथा पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा टंट्या मामा भील स्वरोजगार योजना, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना तथा अन्य योजनाओं में सीधी, सिंगरौली, रीवा और मऊगंज जिलों में प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत न करने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई.

# डॉ प्रवीण सोनी सहित चार की जमानत याचिका खारिज

### छिंदवाड़ा कफ सिरप मामला

**जबलपुर, 17 फरवरी.** छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड में हुई 30 बच्चों की मौत को गंभीर और संवेदनशील मामला मानते हुए हाईकोर्ट ने डॉ प्रवीण सोनी, उनकी पत्नी सहित दो अन्य की जमानत आवेदन खारिज कर दिए है. हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा है कि जमानत का लाभ दिया जाता है तो जनता का भरोसा बहुत कम हो जाएगा. कफ सिरप रिएक्शन के संबंध में जानकारी होने के बावजूद भी डॉक्टर कमीशन लेकर बच्चों को दूषित कफ सिरप प्रिस्क्राइब करता रहा. केन्द्र सरकार के द्वारा नोटिफिकेशन के बावजूद भी आवेदक ने चार साल से कम बच्चो को फिक्स्ड डोज कंपाउंड सिरप दिया गया. सह आरोपियों ने आवेदक डॉक्टर को बचाने के लिए कफ सिरप से जुडे सबूत नष्ट कर दिए.

सिरप कांड मामले में गिरफ्तार डॉ. सोनी, उनकी पत्नी ज्योति सोनी सहित दो अन्य की तरफ से हाईकोर्ट में जमानत आवेदन दायर किया गया था. आवेदन में कहा गया था कि आवेदक डॉ. सोनी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर परासिया, जिला छिंदवाड़ा में चाइल्ड स्पेशलिस्ट के तौर पर पदस्थ थे.

# खाद्य विभाग की टीम ने मसालों के लिए नमूने, की जांच

### पिसाई केंद्र पर मिलावट का है संदेह

**ग्वालियर, 17 फरवरी. खाद्य विभाग की टीम ने मसाला पिसाई चक्की पर पहुंचकर जांच की. जांच के दौरान वहां लकड़ी का बुरादा मिला. खाद्य विभाग की टीम ने गरम मसालों की जांच हेतु नमूने लिए और 30 हजार 700 रूपये कीमत के गरम मसाले जप्त किए.**

जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर पिसाई केंद्र का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी. अभिहित अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम हॉस्पीटल रोड



स्थित मसाला पिसाई चक्की पर पहुंची. वहां मौके पर कल्ली शाह के द्वारा धनिया मसाला की पिसाई की जा रही थी. टीम ने मसाला पिसाई परिसर का निरीक्षण किया. निरीक्षण में साबूत हल्दी, साबूत लाल मिर्ची पाउडर व साबूत धनिया, धनिया पाउडर, गर्म मसाला पाउडर के अलावा चौकर और लकडी का बुरादा भी रखा पाया गया. लकडी के बुरादा का उपयोग धनिया में मिलावट के लिए किए जाने के संदेह पर टीम ने जांच के लिए नमूने लिए है. खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम के पूछताछ करने पर कल्ली शाह ने बताया कि परिसर को किराये पर लेकर मसालों का कारोबार करता है.

> खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार शर्मा ने मसाला पिसाई चक्की के मालिक कल्ली शाह से गर्म मसाला पाउडर, धनिया पाउडर, चौकर, लकडी का बूरादा और साबूत धनिया के नमूने लिये. साथ ही परिसर में रखे करीब 30 किग्रा गरम मसाला पाउडर, 40 किग्रा धनिया पाउडर, 30 किग्रा चौकर और 40 किग्रा लकडी का बुरादा एवं 50 किग्रा साबूत धनिया को नियमानुसार जप्त किया . जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार 700 रूपये है . इसके साथ ही स्टोन पार्क स्थित गजानन टेडिंग नारियल बुरादा का सैंपल लिया.

# मांगलिया में लकड़ी की फैक्ट्री और सांवेर रोड पर ट्रक में लगी आग

### आगजनी की दो बड़ी घटनाएं आईं सामने
### दोनों ही घटनाओं में किसी प्रकार की नहीं हुई जनहानि

**इंदौर, 17 फरवरी. अलग अलग इलाकों में सोमवार को आगजनी की दो बड़ी घटनाएं सामने आई. पहली घटना मांगलिया रोड स्थित एक फैक्ट्री की है, वहीं दूसरी घटना सांवेर टोल टैक्स नाके के पास खड़े एक ट्रक में हुई.**

दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते दोनों ही घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि आर्थिक नुकसान काफी हुआ है. सोमवार शाम करीब 5ः30 बजे मांगलिया रोड स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुँची.

फैक्ट्री में भारी मात्रा में लकड़ी का बुरादा रखा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया था.

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 55 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह काबू पाया. आगजनी में फैक्ट्री के अंदर रखी मशीनें और कीमती बुरादा जलकर खाक हो गया.

# अंडरवर्ल्ड के नाम पर धमकी का खेल

- महू फिरौती कांड में लॉरेंस गैंग का दावा
- अरबिंदो हॉस्पिटल प्रबंधन को विदेशी कॉल

**इंदौर, 17 फरवरी. शहर में बड़े संस्थानों और प्रभावशाली लोगों को कुख्यात गिरोहों के नाम पर डराने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.**

महू में व्यापारी को लॉरेंस गैंग के नाम पर मिली धमकी का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब सांवेर रोड स्थित अरबिंदो हॉस्पिटल के महाप्रबंधक को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के नाम से धमकी भरा फोन आने से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है. बाणगंगा लिस के अनुसार अस्पताल के महाप्रबंधक राजीव सिंह और सहायक प्रबंधक नीरज सेन को देर रात +1812 सीरीज के विदेशी नंबर से कॉल किया गया. कॉल करने वाले ने खुद को दाऊद इब्राहिम के न्यूयॉर्क नेटवर्क से जुड़ा व्यक्ति बताते हुए धमकी दी. प्रारंभिक जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उनके मुताबिक पूरा मामला अस्पताल परिसर में घूमने वाले आवारा कुत्तों को हटाने को लेकर उपजे विवाद से जुड़ा है. पुलिस को आशंका है कि किसी स्थानीय व्यक्ति ने पहचान छिपाने के लिए इंटरनेट कॉलिंग का सहारा लेते हुए अंडरवर्ल्ड के नाम का इस्तेमाल किया. उधर, महू में अस्पताल संचालक के बेटे से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगने का मामला अब भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है.

### धमकी देकर फैला रहे दहशत

धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए 'हैरी बॉक्सर' नाम से संपर्क किया था और अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप कॉल किए गए थे. तकनीकी जानकारी जुटाने के लिए पुलिस ने डाटा मांगा है, जिससे कॉल करने वालों की लोकेशन ट्रेस की जा सके. बाणगंगा थाना और देहात पुलिस साइबर सेल के सहयोग से दोनों मामलों की गहन पड़ताल कर रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की धमकियों का मकसद दहशत फैलाकर वसूली करना या दबाव बनाना होता है, लेकिन जल्द ही आरोपियों तक पहुंचकर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# पूर्व कमर्चारी ने डिप्टी रेंजर को मारी गोली, घायल, आरोपी ने की आत्महत्या

**रायसेन, 17 फरवरी. जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सागर रोड पर स्थित वन विभाग की अमरावद नर्सरी में एक पूर्व कमर्चारी ने पुरानी रंजिश पर डयूटी पर तैनात एक डिप्टी रेंजर पर देशी रिवॉल्वर ( कट्टे ) से फायर कर दिया, जिससे डिप्टी डेंजर और एक महिला घायल हो गई. इसके बाद आरोपी ने स्वयं नर्सरी में एक पेड़ पर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.**

खबर लगते ही मौके पर पहुंची रायसेन पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया एवं पेड़ पर फांसी पर लटके आरोपी को उतारकर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि आरोपी गुड्डा लोधी 55 वर्ष नर्सरी में पूर्व में काम करता था. किसी बात को लेकर उसका डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा से विवाद चल रहा था, उसने नर्सरी में आकर पहले डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा से पहले बात की.

फिर दोनों के बीच बातों बातों में विवाद बढ़ने पर आरोपी गुड्डा लोधी ने डिप्टी डेंजर राकेश शर्मा एवं एक महिला मजदूर सावित्री बाई पर अवैध देशी रिवॉल्वर से तीन राउंड फायर कर दिए . गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. आरोपी ने परिसर में ही एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

# सदन में दिवंगतों का स्मरण, कार्यवाही स्थगित रही

## नेता प्रतिपक्ष ने भागीरथपुरा के मृतकों को भी दी श्रद्धांजलि

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में मंगलवार को निधन उल्लेख के दौरान दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई और बाद में उनके सम्मान में सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने निधन उल्लेख के दौरान अजित पवार उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र, सुरेश कलमाडी पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री, कन्हू चरण लेंका पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ ही 31 दिसंबर 2025 को असम में हुए हादसे में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के शहीद जवान और 22 जनवरी 2026 को जम्मू संभाग में सैन्य वाहन के खाई में गिरने से सेना के शहीद जवान सहित अन्य हताहत जवानों के के प्रति अपनी संवेदना जताई और सदन की ओर से श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निधन उल्लेख में हिस्सा लेते हुए कहा कि अजित पवार से उनके व्यक्तिगत संबंध थे, वे विकास के लिए विशेष रूप से किसानों के कल्याण के लिए समर्पित थे.

उन्होंने सभी दिवंगतों का जिक्र करते हुए अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी, वहीं दिवंगतों को अपनी ओर से श्रद्धांजलि देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 35 लोगों की मौत का जिक्र करते हुए मृतकों को भी श्रद्धांजलि दी.

> उन्होंने कहा कि पानी पिलाना सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन शुद्ध पानी नहीं पिला पाई. उनसे टैक्स के पैसे जरुर लिए गए, ऐसे समय में उनको इन दो पन्नों में श्रद्धांजलि नहीं दे सकते ये बड़े दु:ख की बात है. उनके लिए सामूहिक श्रद्धांजलि होना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष के संबोधन के बाद सदन में कुछ समय के लिए मौन रखा गया और फिर दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई.

# भीषण आग : 3 करोड़ से अधिक का माल हुआ राख

**मुरैना. सर्जिकल कॉटन बना रही मशीनों में शॉर्टसर्किट के कारण आग लग गई। कुछ ही देर में भडक़ी इस आग ने भीषण रूप ले लिया। जिससे आग पर काबू पाने में लगभग 6 घंटे तक दो दर्जन से अधिक दमकल का उपयोग किया गया। इसमें फॉम दमकल का भी उपयोग हुआ.**

आग लगने से फैक्ट्री संचालक को लगभग 3 करोड़ रूपये के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस व प्रशासन का दल स्थिति के अनुसार मौके पर जायजा ले रहा है। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। चलती हुई फैक्ट्री राख में तब्दील हो गई है। बानमौर तहसील क्षेत्रान्तर्गत सेवागांव के पास सर्जिकल कॉटन बनाने वाली फैक्ट्री समायरा



सर्जिकल इण्डस्ट्रीज संचालित है। इसमें चिकित्सा के लिये उपयोग होने वाली कॉटन बनाने का काम किया जा रहा था।

फैक्ट्री के अंदर चार मजदूर मशीनों पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई जिससे फैक्ट्री में हडक़म्प मच गया। सभी चारों मजदूर फैक्ट्री से बाहर निकल आये। इसकी सूचना संचालक को दी गई। आग बुझाने के लिये पुलिस को सूचना देने के साथ ही बानमौर नगर पालिका तथा मुरैना नगर पालिक निगम के दमकल विभाग को भी अवगत कराया गया। दोनों नगरीय निकाय की दमकलों से आग बुझाने का काम किया गया। फैक्ट्री में बने ट्यूबवेल से आग बुझाने आई दमकलों में 24 बार पानी भरा गया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने में फॉम दमकल से एक कैन का भी उपयोग किया।

फैक्ट्री की देखरेख कर रहे डा. अनिल राजपूत ने बताया कि मशीन, कच्चा माल, बना हुआ माल तथा पेकिंग मटेरियल सहित सभी कुछ राख में बदल गया। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी लखन तथा विपिन ने बताया कि आग लगते ही वह भाग खड़े हुये। इसकी सूचना मालिक को दी गई। जब तक मालिक आये तब तक आग तेजी से भडक़ गई थी।

### मेले में भिक्षावृति करते चार बालक रेस्क्यू

**ग्वालियर, 17 फरवरी.** ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में संयुक्त दल ने कार्रवाई करते हुए भिक्षावृत्ति करते पाए गए चार बालकों को रेस्क्यू किया. जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम ने मेला परिसर के झूला सेक्टर क्षेत्र में पहुंचकर बालकों को संरक्षण में लिया. टीम ने बालकों से प्रारंभिक पूछताछ की तथा उनकी माताओं से भी चर्चा कर बच्चों को भिक्षावृत्ति में संलग्न न करने की समझाइश दी. संबंधित बालक उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद के समीप स्थित ललितपुर क्षेत्र के निवासी हैं और लगभग एक माह पूर्व मेला अवधि में यहां आए थे. टीम ने प्रकरण को बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है.

# शिव बारात में विधायक पर हर्ष फायरिंग का आरोप

**श्योपुर, 17 फरवरी. जिले के ग्राम मुंडला में निकली शिव बारात के दौरान कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल द्वारा कथित हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आया है. इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं.**

जानकारी के अनुसार पारंपरिक शिव बारात गांव में भ्रमण कर रही थी. विधायक घोड़ी पर सवार होकर बारात में शामिल हुए थे. इसी दौरान हवा में फायरिंग का दृश्य वहां मौजूद कुछ लोगों ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. बड़ौदा थाना प्रभारी सतीश चौहान ने बताया कि वीडियो की पुष्टि के बाद ही आगे



की कार्रवाई तय की जाएगी. उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार हर्ष फायरिंग प्रतिबंधित है और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है. फिलहाल पुलिस वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है. जांच रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी.

### कुएं में गिरने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत

**सिंगरौली 17 फरवरी.** चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत पजरेह गांव में रविवार शाम दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय पार्वती सिंह गोंड़ की मौत हो गई. घटना की जानकारी रखते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार किशोरी घर के पास स्थित कुएं से पानी भर रही थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गई. घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटनावश डूबने का बताया जा रहा है. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजन सदमे में हैं.

**संचालन** | स्वच्छता क्रांति : महापौर ने स्वयं संभाली कमान

# 1500 टन लिगेसी वेस्ट हटाने की मुहिम हुई तेज

**इंदौर, 17 फरवरी. देपालपुर में करीब 1500 टन लिगेसी वेस्ट को पूरी तरह हटाने के लिए चल रही मुहिम को आज और गति मिली.**

इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव सुबह से ही नगर निगम की विशेष टीम और एमआईसी सदस्यों अपर आयुक्त ओर आला अधिकारियों के साथ देपालपुर पहुंचे और कई जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया.

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अश्विन शुक्ला अभिषेक शर्मा बबलू मनीष शर्मा मामा राकेश जैन अपर आयुक्त प्रखर



सिंह सहित स्वच्छत भारत मिशन के अधिकारी कर्मचारी सहित स्थानीय पार्षद ओर जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे महापौर भार्गव ने स्थानीय व्यापारियों से संवाद करते हुए बताया कि इंदौर नगर निगम द्वारा देपालपुर को गोद लेने के बाद सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार दिखाई दिया है.

> सब्जी बाजार व दुकानों में जाकर उन्होंने समझाया कि* गीला सूखा कचरा अलग करें सिंगल यूज़ प्लास्टिक कम करें दुकान के सामने स्वच्छता बनाए रखना व्यापारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है व्यापारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नगर में स्वच्छता अब पहले से कहीं बेहतर दिखाई देती है. महापौर और उनकी टीम ने घर-घर जाकर लोगों से चर्चा की. नागरिकों ने बताया पहले कचरा गाड़ी कम आती थी,अब दिन में दो बार नियमित कलेक्शन हो रहा है.

### खेत में पानी दे रहे भाइयों पर हमला कर मारी गोली, एक घायल

**ग्वालियर.** 40 हजार रुपए के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मुंहवाद से शुरू हुआ विवाद उठापटक में बदल गया और विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली युवक के सिर में जा लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात गिरगांव में मंगलवार की दोपहर घटी। गोली चलने का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भती कराकर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरगांव में डालचंद अपने भाई राजवीर और एक अन्य भाई के साथ खेत में पानी दे रहा था.

# किसानों ने लक्ष्मीगंज मंडी घेरी, पुलिस एलर्ट




**ग्वालियर, 17 फरवरी. आज सुबह से कृषि उपज मंडी लक्ष्मी गंज पर मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है.**

सीटू के राज्य उपाध्यक्ष रामविलास गोस्वामी का कहना है कि अमेरिका से की गई व्यापारिक डील पूरी तरह गुलामी की डील है.

ऐसी क्या मजबूरी है कि मोदी सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने नतमस्तक है, ऐसी कौन सी कमजोरी है जिस कारण अमेरिकी शर्तों पर डील की जा रही है.

सरकार कभी किसानों, कभी मजदूर, कभी नौजवानों के खिलाफ जन विरोधी कानून लेकर आ रही है जिन्हें देश की जनता कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी.

> यूनियनों की ओर से की गई सभा में चारों ओर से जुलूस और जत्थे आ रहे हैं. पुलिस भी तैनात है. अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव, राजवीर सिंह गुर्जर, खेत मजदूर यूनियन के रामबाबू जाटव, महिला समिति की प्रीति सिंह, कर्मचारी नेता मान्यता सरोज, दवा प्रतिनिधियों के नेता अभिषेक पाठक बिजली कर्मचारी नेता आरके कौशिक, कृष्णपाल परमार, अशोक पाठक, भगवान सिंह गुर्जर आदि ने सभा को संबोधित किया.